तापमान

अधिकतम 36 डिग्री

न्यूनतम 22 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 26 अप्रैल 2024

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर



4 लोकसभा चुनाव : घर-घर बंटने लगी मतदाता पर्ची




## खबर संक्षेप

### पीएमजीएसवाई के अफसरों ने निकाली रैली

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट के निर्देशन एवं परियोजना निदेशक नितेश उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन में जिलेभर में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं का जागरूक किया जा रहा है। इसी तारतम्य में गुरूवार को कार्यालय परियोजना क्रियान्वयन इकाई, छग ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण मनेन्द्रगढ़ द्वारा ग्राम चंवारीडांड़ में आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें सभी ग्रामवासियों से 7 मई को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए अपील किया गया।

### ईएनटी के मरीजों को होती है परेशानी

**चरचा कॉलरी।** क्षेत्रीय चिकित्सालय में नाक, कान, गला के पहुंचने वालों मरीजों का सही ढंग से उपचार नहीं होता है, इस वजह से मरीज खासे परेशान होते हैं। यहां पहुंचने वाले चरचा क्षेत्र सहित कटकोना, पण्डोपारा व झिलमिली के कामगार इलाज कराने आते हैं, जहां गंभीर बीमारी हालात में उन्हें रिफर कर दिया जाता है। जानकारी के अनुसार क्षेत्रीय चिकित्सालय में पदस्थ नाक, कान, गला के विशेषज्ञ पदस्थ किए गए हैं, लेकिन इनके बर्ताव से मरीज काफी परेशान रहते हैं। इसकी शिकायत मुख्य चिकित्सा अधिकारी महाप्रबंधक बैकुंठपुर क्षेत्र एवं सीएमडी बिलासपुर को लिखित में भेजा गया है, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हो सकी है।

### मिलेट्स कैफे में 10 प्रतिशत की मिलेगी छूट

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले में मतदान दिवस को मिलेट्स कैफे एक अलग अंदाज में मनाने जा रहा है। मतदान के दिन हर मतदाता को प्रत्येक ऑर्डर पर 10 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। इस अभिनव पहल के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में मिलेट्स कैफे चला रही समूह की दीदियों ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन मे हमने ऐसा निर्णय लिया है कि उस दिन हर मतदाता को हम विशेष छूट प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के द्वारा गांव से लेकर शहर तक हर मतदाता को मतदान केन्द्रों में जाकर मतदान करने के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए हमने निर्णय लिया है कि आने वाले 7 मई को मतदान करके आने वाले प्रत्येक मतदाताओं को हम अपने कैफे में विशेष ग्राहक मानकर उनके बिल पर 10 प्रतिशत की छूट देंगे। एक दिवसीय यह विशेष छूट प्रत्येक मतदाता के लिए 7 मई को सुबह से लेकर दुकान बंद होने तक जारी रहेगी। आप सभी अवगत हो कि कोरिया जिले में कलेक्ट्रेट परिसर के सामने स्थित मिलेट्स कैफे मेंजनदर्शन में आने वाले फरियादी आमजन के लिए भी समूह द्वारा बिल भुगतान करने पर 10 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने समूह की इस पहल को प्रेरणादायक बताकर स्वागत किया है।

### मतदान करने शिक्षक वर्ग ने ली शपथ

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट के निर्देशन एवं परियोजना निदेशक नितेश उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन में जिलेभर में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं का जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में डॉ.विनोद पांडे प्राचार्य एवं जिला नोडल अधिकारी पुरातत्व एवं पर्यटन सहायक विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र पांडे शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्राचार्य सत्येन्द्र सिंह एवं विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र जायसवाल सहित काफी संख्या में शिक्षक - शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## ले उड़े थे दान पेटी, मनेन्द्रगढ़ पुलिस ने की कार्रवाई

# सिद्धबाबा मंदिर में चोरी के 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

एमसीबी जिले के मनेन्द्रगढ़ में स्थित प्रसिद्ध सिद्धबाबा स्थित मंदिर में रखे दानपेटी और नगदी रकम को चोरी किए जाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मंदिर के बाबा सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। चोरों से नगदी रकम सहित लगभग 20 हजार रूपए का माल बरामद कर लिया गया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विकास श्रीवास्तव पिता स्व. मुरारी प्रसाद श्रीवास्तव उम्र 47 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 02 रेल्वे कॉलोनी मनेन्द्रगढ़ में जाकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराया था कि मनेन्द्रगढ़ स्थित सिद्धबाबा मंदिर के पुजारी श्रीकांत ने बताया कि अनिल बाबा 23 अप्रैल की रात करीब 11 बजे खाना खाकर घर से वापस मंदिर आया तो देखा कि दान पेटी को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की




पुलिस गिरफ्त में चोरी के आरोपी।

रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 141/2024 धारा 457, 380 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जांच के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि मनी मोहल्ले का रहने वाला मो. शमीम रात में सिद्धबाबा मंदिर की ओर घूम रहा था। सूचना पर तत्काल पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह को अवगत कराया गया। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वाडेगांवकर के निर्देश और अनुविभागीय अधिकारी मनेन्द्रगढ़ ए. टोप्पो के मार्गदर्शन में सिटी कोतवाली पुलिस टीम के द्वारा संदेही आरोपी मो. शमीम खान उर्फ समी को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।

पूछताछ करने पर उसने सिद्धबाबा मंदिर के बाबा अनिल कुमार के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपी के बयान के बाद पुलिस टीम द्वारा तत्काल अनिल कुमार को भी घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। आरोपी मो. शमीम खान के कब्जे से 4189 रुपए और अनिल कुमार उर्फ अमरनाथ बाबा के कब्जे से 3000 रुपए, एक दान पेटी बरामद किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में सिटी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमित कश्यप, सहायक उप निरीक्षक मनीष तिवारी, प्रधान आरक्षक इश्तियाक खान, पुष्कल सिन्हा, राकेश शर्मा, आरक्षक जितेन्द्र ठाकुर, राकेश तिवारी, प्रदीप लकड़ा शामिल रहे।



# मौसम साफ होते ही पारा 40 पर

**बैकुण्ठपुर।** मौसम साफ होने के बाद धीरे-धीरे फिर तापमान का पारा चढ़ने लगा और फिर से पारा 40 डिग्री पहुंच गया। इसके पूर्व लगातार कई दिनों से आसमान साफ रहने के कारण तापमान 40 पार होकर 42 डिग्री तक पहुंच गया था, लेकिन इसी बीच मौसम में आए बदलाव के कारण तापमान का पारा 6 डिग्री लुढक कर 36 डिग्री पर पहुंच गया था, इसके बाद पुनः मौसम साफ होने से धीरे-धीरे दिन का पारा चढ़ने लगा और फिर 40 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। जानकारी के अनुसार गुरूवार को शहर का पारा 40 डिग्री दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को एक डिग्री तापमान में बढ़ोतरी होने का पूर्वानुमान लगाया गया है, इसके बाद शनिवार को आसमान में हल्के बादल छाएंगे लेकिन तापमान में कमी नहीं होगी। इसी तरह रविवार को आसमान फिर से पूरी तरह से साफ हो जाएगी और इस दिन तापमान 40 डिग्री रहने की संभावना जताई गई है, इसके बाद दिन के साथ रात के तापमान में भी बढ़ोत्तरी होना शुरू हो जाएगी। वर्तमान में दिन दोपहर के समय तेज धूप होने के कारण लोगों को झुलसना पड़ रहा है।

■ लगातार तापमान में हो रही बढ़ोत्तरी

# माड़ीसरई की दीदियों ने मतदान करने ली शपथ



शपथ लेती दीदियां।

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट के निर्देशन एवं परियोजना निदेशक नितेश उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन में जिलेभर में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। विगत दिवस ग्राम पंचायत में मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम संपन्न कराया गया। विकासखंड़ भरतपुर के लक्ष्य महिला कलस्टर संगठन माड़ीसरई की दीदियों ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाता स्वीप सम्मेलन तथा रैली का आयोजन किया, इसके साथ ही इन सभी दीदियों ने एक साथ हम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाएं रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे की शपथ ली।



शपथ लेते श्रमिक।

## मनरेगा श्रमिकों ने मतदान करने ली शपथ

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के कुशल मार्गदर्शन में जिलेभर में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी के तहत बैकुंठपुर जनपद अंतर्गत जूनापारा ग्राम पंचायत में मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम संपन्न कराया गया। कार्यक्रम जनपद पंचायत बैकुंठपुर के सीईओ ए.पन्ना एवं मनरेगा पीओ जितेन्द्र राजवाड़े के द्वारा कराया गया। इस दौरान उपस्थित श्रमिकों को 7 मई को होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान करने एवं अपने आस-पास के सभी लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करने प्रेरित किया गया।

# मतदाताओं को जागरूक करने कवि सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट के मार्गदर्शन में स्वीप समिति ने मतदाता जागरूकता के लिए कवि सम्मेलन का आयोजन किया। मुख्य अतिथियों में अपर जिला न्यायाधीश विवेक तिवारी, अपर जिला न्यायाधीश मंसूर आलम, अपर जिला न्यायाधीश सुनीता साहू, अपर जिला न्यायाधीश सरिता दास, अपर जिला न्यायाधीश श्रुति दुबे और अपर जिला न्यायाधीश आस्था यादव शामिल हुए।

नवोदय विद्यालय की छात्रा कृतिका महाजन ने भजन गायन के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। परियोजना निदेशक नितेश उपाध्याय ने उद्बोधन देते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की और मंजुला कौरव ने स्वीप जागरूकता गीत के माध्यम से सभी को प्रेरित किया। आमंत्रित कवियों ने अपनी रचनाओं




सम्मानित होते कवि।

के माध्यम से मतदान के महत्व को रेखांकित किया। कलेक्टर ने मतदाताओं को संबोधित करते हुए उनके मत की कीमत पर प्रकाश डाला और सभी को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कवियों का सम्मान भी किया गया और मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सतीश उपाध्याय, सुश्री मंजुला कौरव, श्याम सुंदर निगम, शैलेश जैन, निर्मला महाजन, वीरांगना श्रीवास्तव, जगदीश पाठक, सरिता मिश्रा, गौरव अग्रवाल, नारायण तिवारी, विनोद तिवारी और राजेश बुंदेली जैसे प्रतिष्ठित कवियों का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से न केवल मतदान की अहमियत को समझाया गया, बल्कि साहित्य और संगीत के जरिए समाज में जागरूकता फैलाने का एक सशक्त माध्यम भी प्रस्तुत किया गया।

# बागेश्वर धाम प्रमुख धीरेन्द्र शास्त्री आज चिरमिरी में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एमसीबी जिले के प्रमुख शहर चिरमिरी में आज 26 अप्रैल को बागेश्वर धाम प्रमुख पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का भव्य कार्यक्रम आयोजित है। इसके लिए कई दिनों पूर्व से तैयारियां की जा रही थी।



जानकारी के अनुसार बागेश्वर धाम प्रमुख पंडित धीरेद्र कृष्ण शास्त्री 26 अप्रैल की सुबह 10 बजे श्रीराम कथा सुनाएंगे। उक्त कार्यक्रम चिरमिरी के गोदरीपारा स्थित लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में आयोजित किया गया है। इसमें काफी संख्या में लोगों के शामिल होने का अनुमान लगाया गया है। इसके कारण भव्य पंडाल भी लगाया गया है तथा सुरक्षा के कडे इंतजाम भी किए गए हैं। कई दिनों पूर्व से कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा जांच कर निगरानी की जा रही थी। उक्त कार्यक्रम में तपती धूप में भारी भीड़ को देखते हुए कई धार्मिक संगठनों एवं समाज सेवी संगठनों के द्वारा कार्यक्रम में आने वाले लोगों के लिए भोजन पानी की व्यवस्था भी की गई है। वहीं पुलिस द्वारा वाहन पार्किंग के लिए रूट चार्ट भी तय कर दिए हैं, जहां पर वाहनों की पार्किंग की जाएगी, इससे कि यातायात व्यवस्था में व्यवधान न आए। बागेश्वर धाम प्रमुख पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के कार्यक्रम को लेकर आयोजन समिति ही नहीं, बल्कि कई आम लोग भी खासे उत्साहित हैं।

# समस्या खत्म नहीं हुई तो हिंद मजदूर सभा करेगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

राजनगर आरओ की दोनों इंकलाइन और राजनगर ओपेनकास्ट उमद श्रमिकों के साथ मिलने के कार्यक्रम में कोल इंडिया सेफ्टी बोर्ड सदस्य अख्तर जावेद उस्मानी और एरिया वेलफेयर सदस्य सुनील पाण्डेय ने भाग लिया। इस दौरान श्रमिकों ने खान के अंदर और बाहर पीने के पानी की समस्या से अवगत कराया।

राजनगर आरओ में 7/8 इन्कलाईन खदान से सीधी दफाई में बिना फिल्टर के पानी सप्लाई किया जा रहा है। पिछले पांच साल से फिल्टर मिडिया नहीं बदला गया है और सेटलिंग टैंक्स को बाईपास कर दिया गया है। रोड का पानी भी मेन टैंक में गिर रहा है। राजनगर 5/6 में फिल्टर प्लांट खान परिसर में है,लेकिन सर्फेस में पीने का पानी नहीं है। पाईप टूट गया है, प्रबंधन



पानी की समस्या देखते श्रमिक नेता।

द्वारा ऐसा बताया गया। कब बनेगा यह उपस्थित अधिकारी नहीं बता पाए। पिट टाप पर वाटर कूलर का ढांचा देखने को मिला। आरओ सिस्टम खराब है, कोयला मजदूर सभा को यह पता चला है कि राजनगर में दो प्रेशर फिल्टर 10-10 हजार गैलन कैपेसिटी के और चार फिल्टर 5-5 हजार गैलन कैपेसिटी के है, जिनका फिल्टर मीडिया सालों साल से नहीं बदला गया है। नोटशीट गई है, रूपए नहीं मिल रहा है। मजदूरों को साफ पानी के लिए रूपए नहीं दिया जाना अन्याय है। यह समस्या क्षेत्रीय महाप्रबंधक के समक्ष उठाई जाएगी और पानी के लिए आंदोलन किया जाएगा। श्री उस्मानी ने बताया कि राजनगर आरओ के लिए एक अलग फिल्टर प्लांट बनना चाहिए।



निरीक्षण करते पुलिस प्रेक्षक।

# पुलिस प्रेक्षक ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**बैकुण्ठपुर।** लोकसभा चुनाव के लिए समस्त व्यवस्थाओं एवं निर्वाचन प्रक्रिया की निगरानी के लिए लोकसभा सीटों के लिए पुलिस ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। वहीं 2015 बैच के आईपीएस राहुल देव सिंह को कोरबा लोकसभा क्षेत्र के लिए पुलिस ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। 24 अप्रैल को पुलिस ऑब्जर्वर सुरक्षा व्यवस्था में तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों की सतर्कता जांचने जिला कोरिया बैकुंठपुर पहुंचे, जहां सर्वप्रथम पुलिस ऑब्जर्वर द्वारा शासकीय रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। उन्होंने पूरे परिसर का अवलोकन कर सामग्री वितरण, संग्रहण, मतगणना के संबंध में आवश्यक प्रबंधन की भी जानकारी ली और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। इस मौके पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह एवं एसपी सूरज सिंह परिहार ने अन्य व्यवस्थाओं जैसे सीसीटीव्ही से निगरानी एवं सुरक्षा बलों की उपलब्धता, सुरक्षा संबंधी विस्तार पूर्वक जानकारियों से पुलिस प्रेक्षक को अवगत कराया।

## चुनाव के मद्देनजर संदिग्ध गतिविधियों पर रखी जा रही नजर

# होटल, ढाबा, बस स्टैंड में जांच व तलाशी अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में अवैध गतिविधियों के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है, इसके तहत कोरिया जिले के सभी थाना एवं चौकी द्वारा होटल एवं ढाबों की जांच तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

इसमें बैकुंठपुर क्षेत्र के होटल अन्नपूर्णा, गंगाश्री, रामसेतु, मंगलम, आवास, सिद्धार्थ इन, ढाबा लोक-परलोक, राजू, बचरापोड़ी क्षेत्र के होटल अवधेश, यादव ढाबा, पटना क्षेत्र के होटल सिद्धार्थ, नीलकंठ, पिस्ता इन एवं ढाबा श्री हरिओम, विश्वकर्मा, शिवानी, राजवाड़े, दाना-पानी, इंडियन, राजू, जिंदर, प्रासू, चरचा क्षेत्र के अनिल, प्रिंस, लिली, पंचवटी, माधव, अशोक ढाबा, सोनहत क्षेत्र के विजय लाज में एवं अन्य स्थानों जैसे बस



पुलिस द्वारा की जा रही जांच पड़ताल।

स्टैंड, रेलवे स्टेशन जैसी जगहों पर सघन जांच की गई एवं निरंतर जा रही है। जांच के दौरान होटल के संचालकों को निर्देशित किया गया है कि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति के आगमन पर, ठहरे हुए व्यक्ति की गतिविधि संदेहास्पद लगने पर थाना को तत्काल सूचित करें एवं ठहरने वाले व्यक्तियों का आईडी प्रूफ प्राप्त करने पर ही रुकने की अनुमति दें, इसके साथ ही चेक इन और चेक आउट का नियमित रजिस्टर संधारण करने के लिए भी बताया गया। जांच में होटल एवं ढाबा संचालकों को यह निर्देशित किया गया कि अवैध मदिरा का संव्यवहार न हो तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि होने पर अथवा अपने आस-पास के क्षेत्रों में अवैध मदिरा के विक्रय, परिवहन एवं धारण करने वालों की तत्काल सूचना कोरिया पुलिस के कंट्रोल रूम नंबर पर संबंधित थाना को सूचित करें। एसपी सूरज परिहार ने सभी होटल एवं ढाबा संचालकों को हिदायत दी है कि जिला अंतर्गत स्थित किसी भी होटल में गैर कानूनी ढंग से यदि कुछ भी पाया जाता है तो होटल संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# प्रथम पूरक रेंडमाइजेशन आज



**बैकुण्ठपुर।** तृतीय चरण में होने वाले कोरबा संसदीय लोकसभा निर्वाचन में महज 12 दिन ही बचे हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय बैकुंठपुर द्वारा लगातार निष्पक्ष, स्वतंत्र, निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह से कराने के लिए निर्वाचन कार्य में लगे कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, साथ ही मतदाताओं को मतदान के लिए जनजागरण भी किया जा रहा है। वहीं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक भी विभिन्न मतदान केन्द्रों में जाकर वस्तुस्थिति से अवगत हो रहे हैं तथा सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त कर रहे हैं। लोकसभा निर्वाचन के लिए विधानसभा क्रमांक 03 बैकुंठपुर का 26 अप्रैल को सुबह 9 बजे शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक शाला में ईवीएम मशीनों के प्रथम पूरक रेंडमाइजेशन किया जाएगा।

25-Apr -RAG-bhoomi pg-2_Layout 1 4/25/2024 9:24 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने की जिला बदर की कार्रवाई

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अजीत वसंत ने आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 के तहत दीपक उर्फ चिन्ना पाण्डेय उम्र 34 वर्ष, पिता स्व. राकेश पाण्डेय, निवासी ब्राम्हण मोहल्ला पुरानी बस्ती कोरबा निवासी को जिला बदर करते हुए आदेशित किया है कि वह 24 घंटे के अन्दर कोरबा राजस्व जिला तथा समीपवर्ती जिला बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, सक्ती, रायगढ़, सरगुजा, सूरजपुर, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, गौरला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले क्षेत्र से एक वर्ष की अवधि के लिए बाहर चले जाए और जब तक यह आदेश लागू रहेगा। बिना वैधानिक पूर्वानुमति लिए जिले एवं उक्त उल्लेखित जिलों की सीमा में प्रवेश न करें। उन्होंने इस आदेश का तुरंत पालन किए जाने का निर्देश देते हुए कहा है कि आदेश का पालन न किए जाने पर संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

### साइबर सुरक्षा उपायों को लेकर हुई बैठक

**कोरबा।** एसईसीएल निदेशक तकनीकी (संचालन) एसएन कापरी की अध्यक्षता में साइबर सुरक्षा उपायों को लेकर कोल इंडिया मुख्यालय एवं सभी अनुषंगी कंपनियों के सिस्टम एवं ईएंडटी महाप्रबंधकों की समनवय बैठक एसईसीएल मुख्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार एवं आईटी सेल कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी साइबर सुरक्षा कार्यान्वयन दिशानिर्देशों पर चर्चा की गई। निदेशक तक (संचा.) ने इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार एवं आईटी सेल कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनिवार्य किए गए विभिन्न साइबर सुरक्षा उपायों को अपनाकर कंपनी के डेटा की सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया।

### खदान में भूजल संरक्षण उपायों की समीक्षा हुई

**कोरबा।** जिले की कोयला खदानों भूजल संरक्षण के लिए किए जा रहे उपायों की समीक्षा की गई। केंद्रीय भूजल प्राधिकारण दिल्ली व रायपुर के सदस्य टीम में शमिल थे। केंद्रीय भूजल प्राधिकारण नई दिल्ली व क्षेत्रीय मुख्यालय रायपुर के सदस्यों में सचिव टीबी एन सिंह की मौजूदगी रही। जिनकी अध्यक्षता में सोमवार और मंगलवार को एसईसीएल की गेवरा, दीपका व बगदेवा खदानों का निरीक्षण किया।खदान प्रबंधन द्वारा भूजल संरक्षण उपायों की समीक्षा की। इस अवसर पर भूजल प्राधिकारण के सदस्यों द्वारा भूजल के प्रभावी उपयोग व भूजल पुनर्भरण के महत्त्व पर जोर दिया गया है। एसईसीएल प्रबंधन द्वारा इस ओर सतत प्रयासरत रहने की प्रतिबद्धता ली गयी। दौरे को सफल बनाने में एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से महाप्रबंधक (पर्यावरण) बीके जेना, एसईसीएल गेवरा खदान के क्षेत्रीय महाप्रबंधक एसके मोहंती, गेवरा खदान के क्षेत्रीय महाप्रबंधक एके सक्सेना व कोरबा क्षेत्र के महाप्रबंधक दीपक पंड्या की अहम भूमिका रही।

### दो सूने मकान से चोरी हजारों का माल पार

**कोरबा।** चोरों ने दो सूने मकान को निशाना बनाकर हजारों का माल पार कर दिया है। चोरों ने एसईसीएल कर्मी के घर धावा बोलकर 85 हजार रुपए के सामनों की चोरी कर ली। सेंट्रल वर्कशॉप में कार्यरत फोरमैन रामायण तिवारी का सुभाष ब्लॉक कॉलोनी में मकान है। 18 अप्रैल को तिवारी अपने परिवार के साथ रिश्तेदारी में दुर्ग गए थे। इस बीच चोरों ने मकान में धावा बोलकर ताला तोड़ दिया। अल्मारी से 15 हजार रुपए नकद और सोने की मंगलसूत्र व पायल की चोरी कर ली। इसी तरह चोरों ने दीपका के शक्तिनगर स्थित एक अधिकारी के घर धावा बोलकर टीवी, सेटअप बॉक्स सहित अन्य सामान की चोरी कर ली। इसकी कीमत लगभग 40 हजार रुपए बताई जा रही है। शक्तिनगर के आवास बी 211 में आनंदाप्पा का मकान है। वह बीएचईएल में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। आनंदाप्पा परिवार के साथ मैसूर गए थे। इस बीच चोरों ने उनके मकान का ताला तोड़ दिया। घरेलू सामान चोरी कर ले गए।

## तेज रफ्तार वाहन चालन दुर्घटनाओं को कर रही आमंत्रित

# लगातार हो रहीं सड़क दुर्घटना, जिम्मेदार कौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में लगातार सड़क दुर्घटना हो रही है। तेज रफ्तार दो पहिया वाहन चालक लगातार सड़क हादसे में घायल हो रहे है या फिर उनकी मौत हो रही है। सड़क दुर्घटना के आंकड़े लगातार बढ़ते जा रहे है। खास तौर जिनके हाथ अभी-अभी गाड़ी आई है या नाबालिक वाहन चालक तेज रफ्तार में स्टंट करते हुए सड़क पर चलते है। सड़क पर चौक-चाराहों में कहीं भी यातायात पुलिस नजर नहीं आती है। कभी भी यातायात पुलिस कहीं भी अव्यस्था को सुधारते नजर नहीं आती है। इससे बाइक राइडर्स बेखौफ होकर तेज रफ्तार शहर में दोपहिया वाहन चलाते है। ऐसे वहां चालक खुद तो हादसे का शिकार होते ही है सड़क पर चलने वालो के लिए भी दुर्घटना का सबब बनते है।

- चौक-चाराहों में कहीं भी यातायात पुलिस नजर नहीं आती



दो मोटर साइकिलों के भिंड़त से घायल युवक।

### यातायात अव्यस्था को दुरुस्त करने का प्रयास

जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं के प्रति पूरा पुलिस विभाग सतर्क है। हमारी कोशिश रहेगी हो रही दुर्घटनाओं को रोका जा सके। तेज रफ्तार में चलने वाले वाइकर्स को रोकने का प्रयास तेज किया जाएगा। जल्द ही शहर में लगे सिग्नल की कमियों को दूर कर फिर से शुरू किया जाएगा। पालकों को नाबालिक बच्चों को बाइक न चलाने देने की सलाह है। शहर की यातायात अव्यस्था को दुरुस्त करने का प्रयास किया जाएगा।

**शशि मोहन सिंह,** पुलिस अधीक्षक जशपुर

### वर्ष 2021 से अप्रैल 2024 तक हुई दुर्घटना में घायल और मृतकों की जानकारी

| वर्ष | दुर्घटना | घायल | मृतक |
|---|---|---|---|
| वर्ष 2021 | 326 | 194 | 211 |
| वर्ष 2022 | 321 | 263 | 205 |
| वर्ष 2023 | 253 | 179 | 256 |
| वर्ष 2024 (21 अप्रैल तक) | 110 | जानकारी नहीं | 115 |

### दुर्घटना के मुख्य कारण

- तेज रफ्तार से वाहन चालाना
- नाबालिग जिन्हें ठीक से हेंडिल सभांलना नहीं आता सड़क पर वाहन चला रहे हैं
- तेज रफ्तार वाली दो पहिया वाहनों का बाजार में आना।
- यातायात नियमों की अज्ञानता
- यातायात पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करना
- अभिभावकों द्वारा बच्चों को बिना ट्रैफिक सेंस के वाहन देना





मनोरा जंगल में लगी आग।

# नहीं थम रही जंगल में आग की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- नहीं रूक रही पेड़ों की अवैध कटाई
- आग बुझाने वन विभाग के पास संसाधन की कमी

जिला मुख्यालय से लगे मनोरा विकासखंड मुख्यालय के पकरी टोली मार्ग के जंगल में अब आग लगी है। इससे पूर्व जशपुर से लगे और आसपास के जंगलों में आग लग गई है।

वनविभाग अपने स्तर से आग बुझाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन कहीं न कहीं आग लग जा रही है। इसे रोकने का वन विभाग के पास कोई ठोस समाधान नहीं है। जिसके कारण वन संपति को लगातार हानि हो रही है। मनोरा पकड़ी टोली रास्ते में लगी आग को अभी तक बुझाया नही जा सका है। वनों को हानि केवल आग से ही नही हो रही है। आग की रफ्तार से वनों की कटाई भी हो रही है। वन विभाग जिसकी जिम्मेदारी वनों की रक्षा के लिए है केवल मूकदर्शक बना हुआ है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो आने वाले समय में जंगल जो जशपुर की पहचान है उसे खोने के लिए तैयार रहना होगा। जरूरत है वनों में लगाने वाली आग और होने वाली वनों की कटाई को रोकने का स्थाई समाधान। जागरूक होना पड़ेगा स्थानीय लोगों को वनों को बचाने के लिए। वन समितियों को भी अपने दतिया का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करने की जरूरत है।

# रेत चोरों ने कुदुरमाल में अलग से बना लिया था रेतघाट, खनिज विभाग का छापा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेत तस्कर लगातार प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर शहर के अलग-अलग क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्रों में रेत की चोरी कर रहे हैं। रेत तस्कर इतने शातिर हो गए थे कि कुदुरमल के स्वीकृत घाट से अलग कुछ दूरी पर ही अलग से अपना रेतघाट बना रखे थे। जहां से रेत की निकासी कर लगातार रेत बेचकर मालामाल हो रहे थे लेकिन खनिज विभाग को जब इसकी सूचना मिली रेत चोरों के मंसूबे फेल हो गए और मौके से पांच ट्रैक्टर को जप्त किया गया है जबकि ट्रैक्टर मालिक के खिलाफ भी इस मामले में अपराध दर्ज किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार खनिज विभाग द्वारा शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को आसानी से रेत मुहैय्या हो सके इसके लिए रेतघाट स्वीकृत किए गए हैं। जिसमें उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुदुरमहल में भी रेतघाट स्वीकृत किया गया है। जिसका संचालन ग्राम पंचायत के अधीन किया जा रहा है लेकिन रेत तस्कर इतने सक्रिय हैं कि जिस स्थान पर कुदुरमाल में रेतघाट स्वीकृत कर संचालित किया जा रहा था वहां से कुछ ही दूरी पर ही रेत चोरों ने अपने लिए अलग से रेत घाट बना रखा था और वहां से रेत निकालकर लगातार शहर व गांव में रेत खपा रहे थे। इसकी सूचना मिलने पर खनिज उप संचालक प्रमोद कुमार के निर्देश पर सहायक खनिज अधिकारी उत्तम खूंटे व उनकी टीम ने आज छापामार की कार्यवाही की। जहां अवैध रेतघाट का पर्दाफाश हो गया और मौके से कुल चार ट्रैक्टर व शहरी क्षेत्र से एक ट्रैक्टर को रेत का अवैध उत्खनन परिवहन करते हुए पकड़ा गया है। कुल 5 ट्रैक्टर के खिलाफ खनिज विभाग ने कार्रवाई की है। इस कार्यवाही से रेत चोरों में हड़कंप मचा हुआ है। खनिज उप संचालक प्रमोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में ग्राम पंचायत कुदुरमल के सरपंच, सचिव को भी नोटिस जारी किया गया है और उनसे पूरी जानकारी हासिल की जा रही है।

**खास बात**
- अवैध परिवहन करते हुए पांच ट्रैक्टर को किया गया जप्त



कुदुरमाल घाट के पास जब्त ट्रैक्टर।

### पांच ट्रैक्टर किया गया जब्त

बरबसपुर में अवैध रेत घाट संचालन की शिकायत पर खनिज विभाग की टीम ने मौके पर दबिश दी थी। जहां से कुल 5 ट्रैक्टर को रेत का अवैध परिवहन करते हुए जप्त किया गया है। साथ ही ग्राम कुदुरमाल के सरपंच सचिव को भी नोटिस जारी किया गया है। इसके अलावा ग्राम बरबसपुर में रेत का भंडारण करने वाले रामलाल कंवर को भी नोटिस जारी कर भंडारण व परिवहन किए गए रेत की सारी जानकारियां मांगी गई है। यदि इस मामले में किसी की भी कोई संलिप्तता पाई गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**प्रमोद कुमार,** उपसंचालक, खनिज विभाग कोरबा

# शराब दुकान में कट्टे की नोक पर लाखों की लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली स्थित शराब दुकान में देर रात को कट्टे की नोक पर लाखों रुपए लूट की वारदात को अंजाम दिया गया है। लूट की सूचना मिलते ही जिला पुलिस ने जिले भर में नाकेबंदी कर लुटेरों की सर गर्मी से खोजबीन की जा रही है। लुटेरे बाइक पर सवार होकर पहुंचे थे। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लुटेरों की पतासाजी में जुट गई है।

**खास बात**
- बाइक पर सवार होकर पहुंचे थे लुटेरे

मामला जिले के पाली थाना क्षेत्र का है। बताया जाता है कि रात लगभग 9:45 बजे शराब दुकान बंद करने के दौरान बाइक पर सवार होकर दो युवक वहां पहुंचे। वे शराब खरीदने के बहाने दुकान पर पहुंचे थे। मौका पाते ही दोनों युवक शराब दुकान में घुस गए और शराब दुकान में काम करने वाले कर्मियों की कनपटी पर कट्टा अड़ा दिया। इसके बाद लुटेरे शराब दुकान में रखे लाखों रुपए नकद लेकर बाइक पर सवार होकर भाग निकले। लूट की घटना होते ही मौके पर मौजूद शराब कर्मियों में हड़कंप मच गया। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। आला अधिकारी सूचना पाते ही दलबल सहित मौके पर पहुंचे और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस लुटेरों के गिरेबान तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। बताया जाता है कि शराब दुकान में लगे सीसीटीवी का फुटेज निकाल कर पुलिस फिलहाल मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। पुलिस के अधिकारी मामले की छानबीन में जुटे हुए हैं।

# परसाखोला में डूबने से छात्र की मौत दोस्तों के साथ गया था नहाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हनुमान जयंती पर घर से दोस्तों के साथ मंदिर में दर्शन करने के नाम से निकले 3 छात्र नहाने के लिए परसाखोला पिकनिक स्पॉट जा पहुंचे थे। जहां नहाने के दौरान गहरे पानी में डूब जाने से उसकी मौत हो गई। मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार दर्री थाना क्षेत्र के साडा कालोनी में निवासरत सुशील महंत का पुत्र मोहनीश केंद्रीय विद्यालय में कक्षा 12वीं का छात्र था। मंगलवार को हनुमान जयंती पर मंदिर दर्शन के लिए मोहनीश अपने दो दोस्त के साथ निकला था और जहां से तीनों छात्र बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत परसाखोला पिकनिक स्पॉट जा पहुंचे जहं तीनों छात्र नाला में नहाने लगे और नहाने के दौरान मोहनीश गहरे पानी में डूब गया। साथ गए दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन उसे बचाने में कामयाबी नहीं मिली। घटना की सूचना स्थानीय ग्रामीणों व पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची। जहां गोताखोरों की मदद से खोजबीन की गई। कई घंटे की मशक्कत के बाद शाम को मोहनीश का शव बरामद कर वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

**खास बात**
- बालको थाना क्षेत्र के परसाखोला में हुई घटना

# कई ट्रेनें हुई रद्द, कैंसल ट्रेनों की लिस्ट हुई जारी

**कोरबा।** रेलवे की ओर से यात्री सुविधाओं के लिए किया जा रहा विस्तार यात्रियों के लिए ही मुसीबत बनता जा रहा है। बीते दिनों रेलवे द्वारा रायपुर मंडल के अंतर्गत रायपुर-दुर्ग सेक्शन में सरोना और कुम्हारी के मध्य ऑटोमेटिक सिग्नलिंग और अन्य अपग्रेडेशन कार्य के चलते 19 गाड़ियां रद्द की गई थी। इसके बाद अब एक बार फिर रेलवे ने कई ट्रेनों को रद्द कर दिया है, जबकि कई ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाने का फिसला किया है। रेलवे के अनुसार दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद रेल मण्डल के काजीपेट जंक्शन कोंडापल्ली सेक्शन और विजयवाड़ा रेल मण्डल के विजयवाड़ा-गोधरा जंक्शन के बीच तीसरी रेलवे लाइन का कार्य जाएगा। जिसके चलते नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के लिए कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इस दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे होकर चलने वाली कुछ गाड़ियों का भी परिचालन प्रभावित रहेगा। रद्द होने वाली गाड़ियों में 1, 4, 8, 11, 15, 18 और 22 मई को कोरबा से चलने वाली 22647 कोरबा-कोचुवेलि एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

# सबस्टेशन कर्मियों को मिला वेतन, फिर भी हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सब स्टेशन में काम करने वाले ठेका श्रमिकों को 2 महीने से ना ही वेतन मिला है और ना ही बोनस मिलने पर बुधवार से सब स्टेशन कर्मी हड़ताल पर चले गए हैं। ठेकेदार ने एक महीने का वेतन जरुर डाला है लेकिन कर्मी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर डटे हैं।

**खास बात**
- लाइनमैन संभाल रहे हैं सब स्टेशन का चार्ज, घंटों बाधित रही विद्युत व्यवस्था

उल्लेखनीय है कि जिले में 50 से अधिक सब स्टेशन हैं। जिन सब स्टेशन का संचालन विद्युत विभाग द्वारा जेबीएस नामक ठेका कंपनी को दिया गया है। जेबीएस ठेका कंपनी द्वारा ठेका कर्मियों को 2 महीने का ना ही वेतन दिया गया है और ना ही 6 महीने का बोनस दिया गया है जिसे लेकर ठेका कर्मियों ने बुधवार से हड़ताल कर दिया है और सामूहिक अवकाश पर चले गए हैं।



विद्युत विभाग के कार्यालय में प्रदर्शन करते ठेका कर्मी।

अवकाश पर जाते ही बुधवार को ठेकेदार ने ठेका कर्मियों के एकाउंट में एक महीने का वेतन जरुर डाला है लेकिन ठेका कर्मी हड़ताल पर डटे हुए हैं वही दूसरी ओर सब स्टेशन का चार्ज लाइनमेन संभाल रहे हैं। बुधवार की शाम शहर के कई इलाकों में विद्युत व्यवस्था बाधित रही जिसके चलते विद्युत विभाग के अफसरों को विद्युत व्यवस्था को बहाल करने में परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## छात्र-छात्राओं को दिलाई गई शपथ, नए मतदाताओं को किया गया जागरूक

# एनईएस पीजी कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में स्वीप जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां जारी है। लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न ग्राम पंचायतों की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा सभी कलस्टर में नए मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

इसी कड़ी में नगर पंचायत पत्थलगांव सहित अन्य ग्रामों में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान हेतु शपथ दिलाई। वही रंगोली बनाकर, हाथों में मेहंदी लगाकर लोगों को शत-प्रतिशत मतदान हेतु सन्देश दिया। शासकीय राम भजन राय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जशपुर में भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी नव मतदाताओं को मतदान संबंधी जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया गया। साथ सभी छात्र-छात्राओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। इसी तरह कुनकुरी में भी युवाओं ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत अपनी सहभगिता दिखाई और लोगों को मतदान हेतु जानकारी दी। आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने सभी से लोकसभा चुनाव में 7 मई को मतदान करने का आह्वान किया। साथ ही नए मतदाताओं को मतदान में शत-प्रतिशत भागीदारी को लेकर शपथ भी दिलाई गई। लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी से मतदान करने की अपील की जा रही है। इसके लिए प्रतिदिन जिले भर में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत हर स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।




नए मतदाताओं को दिलाई गई शपथ।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रमः शत-प्रतिशत मतदान का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

लोकसभा चुनाव के तहत मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक करने, छत्तीसगढ़ में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रवि मित्तल के निर्देश पर सेक्टर क्रमांक 16 भितघरा में सेक्टर अधिकारी श्री एम आर यादव, शैक्षिक समन्वयक समन्वयक सुरेश कुमार यादव मतदान केंद्र क्रमांक 87 रायकेरा में उपसरपंच महेश्वर राम यादव, ग्राम के नागरिक सानू राम, हृषिकेश, नारायण यादव, तारकेश्वर यादव, राजपाल राम यादव, शिक्षक नारायण सिंह राजपूत, अश्वनी भगत, माग्रेट कुजूर, जोवन्नी तिर्की, सरिता भगत, अन्य सभी मतदाताओं की उपस्थिति में उड़यि भाषा मे मतदान का शपथ लिया गया। वही मतदान केंद्र क्रमांक 118 जुरूडाँड़ में ग्राम के मतदाता श्रीमती प्रेमलता कुजूर, बलमती बाई, दुबली बाई, शिला, रमेश, नैहर साय, नंद कुमार, बर्थ बाई, शिक्षिका बलमदीना तिर्की, कविता सोनी और डोलमनी सिंह सभी मतदाताओं की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ी भाषा मे मतदान का शपथ लिया गया इसी तरह मतदान केंद्र क्रमांक 105 खंताडाँड़ में पंच श्री गोविंद यादव, पंच हेमन्त यादव,श्रीमती रिमिता बाई,विजय राम, टोंकाधर यादव, सचिव ऊषा नागेश, सुमित्रा बाई, हेमा बाई, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मरियम तिर्की, बी एल ओ बालेश्वरी पैंकरा, शिक्षक सनमत राम बनवासी, नेहरू लाल चौहान अन्य सभी मतदाताओं की उपस्थिति में सादरी बोली में मतदान का शपथ लिया गया। वही ग्राम पंचायत झिक्की में के मतदाता श्री पिंगल कुजूर, श्रीमती फुलकुँवारी लकड़ा, शांति कुजूर, अरुणा कुजूर, अल्पना कुजूर, बसंती कुजूर, सीता भगत, शिक्षक श्री अगहन साय केहरी,कु. दिव्या ज्योति कुजूर अन्य सभी मतदाताओं की उपस्थिति में कुँड़ुख बोली मे मतदान का शपथ लिया गया।

- मतदाताओं को उड़िया, सादरी छत्तीसगढ़ी, कुंडुख बोली में दिलाई गई शपथ



# अमिताभ की फिल्म 'शूबाइट' अटकी है 12 साल से ...

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की 12 साल से अटकी फिल्म शूबाइट रिलीज हो सकती है। निर्देशक शुजीत सरकार ने अमिताभ बच्चन को लेकर वर्ष 2012 में फिल्म शूबाइट बनाई थी। शूबाइट कई तरह के विवादों के चलते अब तक रिलीज नहीं हुई है। शूबाइट के बाद शुजीत सरकार ने अमिताभ को लेकर फिल्म पिंक, पीकू और गुलाबो सिताबो बनाई। शुजीत सरकार चाहते हैं कि फिल्म शूबाइट रिलीज हो। शूजीत सरकार ने कहा,शूबाइट फिल्म मेरे दिल के काफी करीब है। मैं सभी को फिल्म शूबाइट दिखाना चाहता हूं कि इस फिल्म के लिए अमिताभ बच्चन ने किस तरह से अपना दिल और आत्मा निकालकर रख दी थी।

## लाइफStyle



# कियारा

## सलमान की फिल्म 'सिकंदर' में करेंगी काम

बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी, दबंग स्टार सलमान खान की आने वाली फिल्म सिकंदर में काम करती नजर आ सकती हैं। सलमन खान ने इस साल ईद के अवसर पर अपनी नई एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'सिकंदर' अनाउंस की थी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कहा जा रहा है कि सलमान खान एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'सिकंदर' का पहला शेड्यूल मई में शुरू करेंगे। इस फिल्म का निर्देशन मुरुगादॉस करेंगे। चर्चा है कि सलमान खान की फिल्म सिकंदर में कियारा आडवाणी नजर आ सकती हैं। सिकंदर के एलान के कुछ दिनों बाद ही उन्हें साजिद नाडियाडवाला के ऑफिस के बाहर स्पॉट किया गया। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं, कि सिकंदर में कियारा आडवाणी की एंट्री हो गई है। सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' का प्रोडक्शन साजिद नाडियाडवाला कर रहे हैं।'सिकंदर' अगले साल ईद 2025 के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। शायद आपको ये जानकर थोड़ी सी हैरानी होगी कि कियारा आडवाणी ने अपने 9 साल के करियर में 25 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। यही नही इनमें से ज्यादातर फिल्में सुपरहिट है। कियारा ने 2014 में फिल्म फगली से डेब्यू किया था हालांकि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिटी। इसके बाद कियारा 2016 में सुशांत सिंह राजपूत स्टारर सुपरहिट फिल्म एमएस धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी में लीड रोल में नजर आई। इस फिल्म ने कियारा की किस्मत ही पलट दी और वो रातों रात स्टार बन गई।

## हॉलीवुड मसाला



# बनाया अपने 'मर्डर' का प्लान

**लॉस एंजिलस।** फेमस सीरीज 'ब्रेकिंग बैड' में काम करने वाले हॉलीवुड एक्टर जियानकार्लो एस्पोसिटो दुनियाभर में जाने जाते हैं। अब एक्टर ने एक शो में अपनी जिंदगी में आई आर्थिक दिक्कतों के बारे में बात की है। एक्टर ने बताया कि वो इतने परेशान थे कि उन्होंने अपने 'मर्डर' का प्लान बना दिया था ताकि उनके चारों बच्चे इंश्योरेंस के पैसे क्लेम कर सकें। जिम एंड सैम शो पर जियानकार्लो एस्पोसिटो ने कहा, 'मेरे दिमाग में बाहर निकलना का आइडिया ये थाः क्या आत्महत्या करने पर इंश्योरेंस मिलता है?



# एक दूसरे के सामने आए डेडपूल-वुल्वरीन

**लॉस एंजिलस।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की मच अवेटेड फिल्म 'डेडपूल एंड वुल्वरीन' को लेकर फैंस के बीच काफी उत्साह है। इस फिल्म में सालों के इंतजार के बाद एक्स-मेन में वुल्वरीन बने नजर आ चुके एक्टर ह्यू जैकमैन एक बार फिर अपने पुराने अवतार में लौट रहे हैं। इस फिल्म में वुल्वरीन और डेडपूल से लड़ाई करते और फिर उसके साथ मिशन पर जाते देखा जाने वाला है। फिल्म का नया ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म 'डेडपूल एंड वुल्वरीन', 26 जुलाई को सिनेमाघरों में हिंदी, इंग्लिश, तमिल और तेलुगू भाषा में रिलीज होगी। फिल्म का हिंदी ट्रेलर काफी मजेदार है। इसके डायलॉग सुनकर आपको हंसी तो आएगी ही, साथ ही आंखें भी फटी रह जाएंगी। नए टेलर में वुल्वरीन और डेडपूल को आपस में भिड़ते देखा जा सकता है।



# 6 साल बाद फिल्म इंडस्ट्री में करेंगी कमबैक


**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा 49 साल की हो गई हैं। प्रीति बॉलीवुड की सबसे सफल अभिनेत्रियों में शुमार की जाती हैं। उन्होंने कल हो ना हो, कभी अलविदा ना कहना, कोई मिल गया, सलाम नमस्ते, वीर जारा समेत कई बेहतरीन फिल्मों में काम कर इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई थी। प्रीति अब अमरीका में सेटल हो चुकी हैं, जहां वह पति जीन गुडइनफ और दो बच्चों के साथ रहती हैं। मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक, प्रीति सनी देओल स्टारर फिल्म लाहौर 1947 से कमबैक कर सकती हैं। हाल ही में उन्हें इस फिल्म के लुक टेस्ट के लिए मुंबई के एक स्टूडियो में भी देखा गया था। प्रीति आखिरी बार भैयाजी सुपरहिट में नजर आई थीं। ये फिल्म 2018 में रिलीज हुई थी। इसके बाद उन्होंने फिल्मों में काम करना बंद कर दिया।




# किसके खिलाफ लड़ाई लड़ने आ रही फुले

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता प्रतीक गांधी और अभिनेत्री पत्रलेखा की आने वाली फिल्म 'फुले' का पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म 'फुले' में प्रतीक गांधी और पत्रलेखा की मुख्य भूमिका है। फिल्म में प्रतीक गांधी, महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले और पत्रलेखा उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले का किरदार निभाते नजर आयेंगी। फिल्म 'फुले' का पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। निर्देशक अनंत नारायण महादेवन ने बताया कि महात्मा और ज्योतिबा फुले ने जाति और भेदभाव के खिलाफ लड़ाई लड़ी, जो दुर्भाग्य से आज भी कायम है। मेरा लक्ष्य इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत को फिर से शुरू करना है जो हमारा ध्यान आकर्षित करते हैं।

## टीवी मसाला



# 'बिग बॉस ओटीटी 3' देखना पड़ेगा आपकी जेब पर भारी!

**मुंबई।** 'बिग बॉस ओटीटी 3' इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग ये जानने के लिए बेहद एक्साइटेड हैं कि शो कब शुरू होगा। 'बिग बॉस 17' खत्म होने के बाद से ही 'बिग बॉस ओटीटी 3' का इंतजार शुरू हो गया है। हर कोई जानना चाहता है कि इस बार शो में कौन-कौन से सेलिब्रिटी आएंगे और ये सीजन कैसा होगा।

***'बिग बॉस ओटीटी 3' में इस बार दिखेंगे ये बदलाव :*** रियलिटी टीवी शो को लेकर हर बार कई तरह की अफवाह सामने आती रही हैं। बताया जा रहा है कि इस सीजन में कई बदलाव होने वाले हैं। हाल ही में कहा जा रहा है कि ये सीजन फैंस फ्री में नहीं देख पाएंगे। जी हां 'बिग बॉस ओटीटी' और 'बिग बॉस ओटीटी 2' वूट और जियो सिनेमा पर फ्री में देखे गए थे। रिपोट्र्स के मुतबाबिक अब जियो सिनेमा ने फैसला किया है कि दर्शकों को शो के एपिसोड और लाइव फीड देखने के लिए पैसे देने होंगे।

***इस तारीख से रिलीज होगा बिग बॉस ओटीटी 3' ?:*** मेकर्स ने हाल ही में शो का एक पोस्ट भी शेयर किया था और फैंस से पूछा था कि वे रियलिटी शो में किसे देखना चाहते हैं। हालांकि, शो के बारे में ताजा अपडेट के मुताबिक 'बिग बॉस ओटीटी 3' 4 जून या 5 जून को शुरू होगा। ये शो अगस्त तक चलेगा। बता दें कि 'बिग बॉस ओटीटी' केवल छह हफ्ते का गेम है। इसी के साथ रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि 'बिग बॉस 18' का प्रीमियर सितंबर या अक्टूबर से होगा।

### कई सेलिब्रिटीज को किया गया अप्रोच

वहीं शो के लिए कई सेलिब्रिटीज को अप्रोच किया गया है। हालांकि कुछ सेलेब्स के नाम भी लिस्ट में से सामने आ रहे हैं। जिसमें अरहान बहल, शहजादा धामी, प्रतीक्षा होनमुखे, शीज़ान खान, मैक्सटर्न, ठगेश, रोहित खत्री, दलजीत कौर, श्रीराम चंद्रा, अर्यांशी शर्मा, सैंकी उपाध्याय, तुषार सिलावट, रोहित ज़िन्जुर्के, मोहम्मद शामिल हैं।

# दिगांगना 'कृष्णा फ्रॉम बृंदावनम' के लिए तैयार



**मुंबई।** एक बड़े मुहर्त कार्यक्रम में फिल्म 'कृष्णा फ्रॉम बृंदावनम' की शुरुआत हुई, जिसमें फिल्म जगत के कई प्रसिद्ध लोग मौजूद थे। काकतीय हिल्स के वेंकटेश्वर मंदिर में आयोजित एक विशेष समारोह में शामिल होने वालों में दिल राजू, निर्देशक अनिल रविपुडी और साई कुमार जैसे बड़े नाम शामिल थे। वीरभद्रम चौधरी द्वारा निर्देशित, 'कृष्णा फ्रॉम बृंदावनम' एक मजेदार पारिवारिक मनोरंजक फिल्म होने का वादा करती है। इसमें दिगांगना सूर्यवंशी और आदि साई कुमार हैं।


# 'तुम्हारा क्या करूंगा मैं यार?' जब महेश ने मनोज से कही थी ये बात...

*मुंबई। दमदार एक्टर मनोज बाजपेयी ने अपना 55वां जन्मदिन मनाया। हाल ही में वह 'साइलेंस 2', 'किलर सूप' में नजर आए। मनोज बाजपेयी पहले टेलीविजन शो, फिर फिल्में और अब वेब सीरीज में अपना लोहा मनवा रहे हैं। बाजपेयी का करियर वक्त के साथ बुलंदियां छूता रहा, लेकिन इसकी शुरुआत काफी कठिन रही। अभिनेता ने बहुत स्ट्रगल किया और ताने भी सुने। दिग्गज फिल्ममेकर महेश भट्ट ने उन्हें ये तक कह दिया था कि वह हीरो नहीं दिखते, न उन्हें नाचना आता तो वह उनका क्या करेंगे। इसके बारे में खुद मनोज बाजपेयी ने अपने एक पुराने इंटरव्यू में किया था।*

### शेखर कपूर बोले- शादी के बाद बच्चों को क्या खिलाएगा

*अतिका फारूकी को दिए इंटरव्यू में अभिनेता ने बताया था कि 90 के दौर में शेखर कपूर ने उन्हें मुंबई जाने की सलाह दी थी। जब वह थिएटर करते थे तो शेखर ने उन्हें कहा था, 'रंगमंच हो गया, कल को जब वह शादी करोगे तो बच्चों को खिलाने के लिए पैसे चाहिए होंगे, इसलिए मुंबई चले जाओ। मनोज ने बताया कि वह डर गए और आगे की लाइफ को अच्छा बनाने के लिए मुंबई आ गए।*

### उस वक्त मेरे लिए कोई जगह नहीं थी





*मनोज बाजपेयी ने कहा कि उस वक्त वह खुद को फिट नहीं रख पाते थे। मनोज ने कहा था, "उस वक्त की जो स्थिति थी, उसमें हमारे लिए कोई जगह नहीं थी। हम जिस भी स्टूडियो में जाते थे, वहां पर या तो सिर्फ स्टार होते थे और शूटिंग होती थी। हर दूसरे फ्लोर पर गाने की शूटिंग चल रही होती थी। मनोज ने बताया कि उस वक्त हर कोई उन्हें रिजेक्ट कर देता था। जो उनकी तरफ देखता था वो कहता था कि इसका हम क्या करेंगे। मुझे भी लगा कि ये सच में हमारा क्या करेंगे।*

### द्रोहकाल से डेब्यू, बैंडिट क्वीन से मिली पहचान

हालांकि मनोज बाजपेयी ने हार नहीं मानी और संघर्ष करते रहे। इसके बाद उन्हें फिल्म 'द्रोहकाल' में एक छोटा सा रोल मिला जो सिर्फ 1 मिनट का था। इसके बाद फिर उन्हें शेखर कपूर की फिल्म 'बैंडिट क्वीन' में काम करने का मौका मिला और फिर साल 1998 में उनके हाथ फिल्म 'सत्या' लगी। इस फिल्म से मनोज बाजपेयी को पहचान मिली। फिल्म में उन्होंने भीखू मात्रे का रोल निभाया था और इसे लिए उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला था। उन्हें इस किरदार के लिए फिल्मफेयर भी मिला। आज वह अपने अलग-अलग किरदारों के लिए जाने जाते हैं।

# गर्मी में बाहर जाने की नहीं पड़ेगी जरूरत, ओटीटी पर रिलीज हो रही हैं ये एक्शन और थ्रिलर फिल्में

*मुंबई। अप्रैल माह का चौथा हफ्ता शुरू हो गया है, सिनेमा प्रेमियों के मन में सवाल उठ रहे होंगे कि इस हफ्ते क्या नया आया है देखने के लिए। हम आपके लिए ओटीटी पर इस हफ्ते रिलीज होने वाली फिल्मों और ओटीटी की पूरी लिस्ट लेकर आए हैं।जिन्हें आप नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम वीडियो, जियो सिनेमा और डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर घर बैठे देख सकते हैं और गर्मी के दिनों में फैमिली संग एन्जॉय कर सकते हैं। दर्शकों के लिए अप्रैल का यह हफ्ता धमाकेदार साबित होने वाला है। आईए जानते हैं कि कौन सी फिल्में और वेब सीरीज कहां और कब रिलीज होने वाली हैं।*

***रणनीतिः*** बालाकोट एंड बियॉन्ड जिमी शेरगिल, आशुतोष राणा और लारा दत्ता की 'रणनीतिः बालाकोट एंड बियॉन्ड' इस वीक से ओटीटी के दर्शकों के लिए उपलब्ध होगी। ये सीरीज 2019 बालाकोट हवाई हमलो पर आधारित है। इसे आप 24 अप्रैल के बाद जियो सिनेमा पर देख सकते हैं।

***दिल दोस्ती डिलेमा :*** दिल दोस्ती डिलेमा' एक लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे गर्मियों की छुट्टियों में सजा के तौर पर उसके दादा-दादी के पारंपरिक मोहल्ले में भेज दिया जाता है। हालांकि अपनी सोशल इमेज बनाने के लिए वह दोस्तों से कहती है कि वह कनाडा जा रही है। इस वेब सीरीज में अनुष्का सेन, कुश जोतवानी, तन्वी आजमी, शिशिर शर्मा, सुहासिनी मुले, एलीशा मेयर, रेवती पिल्लई और श्रुति सेठ मुख्य भूमिका में हैं। यह 25 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

***वश :*** 'वश' में हितु कनोडिया, नीलम पांचाल, हितेन कुमार, जानकी बोडीवाला और आर्यन सांघवी हैं। फिल्म में एक परिवार प्रताप नाम के एक अजनबी से मिलता है, जो शुरू में उनकी मदद करता है, लेकिन बाद में उनके लिए परेशानी खड़ी कर देता है। आप इसे शेमारू पर 26 अप्रैल से देख सकते हैं।







***क्रैक :*** अर्जुन रामपाल और विद्युत जामवाल की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'क्रैक' मुंबई स्थित एक स्टंटमैन पर आधारित है, जो अपने भाई के लापता होने की सच्चाई जानने के लिए एक खेल टूर्नामेंट में हिस्सा लेता है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। यह फिल्म 26 अप्रैल को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

***टिल्लू स्क्वायर :*** 'टिल्लू स्क्वायर' की कहानी बाल गंगाधर तिलक उर्फ टिल्लू पर आधारित है, जिसकी लाइफ तब उलट-पुलट हो जाता है जब वह एक रहस्यमय हत्या के मामले में फंस जाता है. मल्लिक राम द्वारा निर्देशित तेलुगु फिल्म में अनुपमा परमेश्वरन मुख्य भूमिका में हैं। आप इस फिल्म को इस हफ्ते नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

***डेड बॉय डिटेक्टिव्स :*** इस सीरीज़ में जॉर्ज रेक्सट्रू और जेडन रेवरी मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह 25 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

***भीमा :*** इस फिल्म की कहानी एक जासूस के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक छोटे से शहर के मंदिर में होने वाली रहस्यमयी घटनाओं की जांच करता है। फिल्म में गोपीचंद, प्रिया भवानी शंकर, मालविका शर्मा, नासर, नरेश, पूर्णा, वेनेला किशोर, रघु बाबू, मुकेश तिवारी, छम्मक चंद्र, निहारिका कोनिडेला और रोहिणी अमह भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 25 अप्रैल को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

## खबर संक्षेप

### थार वाहन में आग लगाने के मामले में अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** थार वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत हो जाने पर अज्ञात लोगों ने वाहन को आग के हवाले कर दिया। गत दिन वाहन मालिक घटना की रिपोर्ट सीतापुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध आगजनी का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार खड़गवां थाना अंतर्गत ग्राम रतनपुर निवासी गुरूदयाल आ. सोमर साय (25 वर्ष) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 22 अप्रैल को चालक रितिक श्रीवास्तव थार वाहन क्रमांक सीजी 16 सीआर 3679 से रिश्तेदार युगांतर श्रीवास्तव के साथ उसके रिश्तेदार अभिषेक अम्बष्ट, ओम अम्बष्ट के साथ पत्थलगांव जा रहे थे। जैसे ही मंगारी पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे तभी वाहन की टक्कर से बाइक सवार का एक्सीडेंट हो गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। लोगों को उग्र देख वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर भाग गए। इसी बीच अज्ञात लोगों ने वाहन को आग के हवाले कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 147, 435 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### शार्ट सर्किट से लगी आग, दो वाहन व फ्रीज जलकर खाक

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत कुरवां में शॉट सर्किट की वजह से लगी आग से घर में रखे स्कूटी, बाइक व फ्रीज जल गए हैं। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत कुरवां निवासी 35 वर्षीय प्रार्थीया सुषमा पाटले पिता रामा पाटले के घर में गत दिनों शॉट सर्किट की वजह से आग लग गई थी।आग लगने की वजह से बाइक क्रमांक सीजी 15 डीक्यू 6695, स्कूटी क्रमांक सीजी 15 ईए 4490 व फ्रीज जल गए हैं। प्रार्थीया की रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा आगजनी की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

### साढ़े सात लीटर अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**राजपुर।** आबकारी विभाग ने अवैध शराब बिक्री के मामले में कार्रवाई की है। टीम ने मामले में युवक को गिरफ्तार करने के साथ ही साढ़े सात लीटर महुआ शराब जब्त किया है। बता दें कि लोकसभा चुनाव के दौरान अवैध रूप से शराब बिक्री के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि बलरामपुर के गणेश मोड़ में अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना पर आबकारी उप निरीक्षक चंद्रदीप भगत के नेतृत्व में टीम ने गणेशमोड़ चौकी के ग्राम झलपी निवासी 40 वर्षीय करमचंद गुप्ता आ. रामगहन गुप्ता को हिरासत में लेने के साथ ही उसके पास से हाथ भट्टी से बना हुआ साढ़े सात लीटर महुआ शराब जब्त किया है। इस मामले में आबकारी विभाग ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(1)(क), 34(2),59(क) के तहत कार्रवाई करते हुए युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### जिला पुस्तकालय की स्थापना की मांग पर सौंपा ज्ञापन

**मनेन्द्रगढ़।** संबोधन साहित्य एवं कला विकास संस्थान मनेन्द्रगढ़ की नवीन निर्वाचित कार्यकारिणी के अध्यक्ष अनिल कुमार जैन के नेतृत्व में बीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, निरंजन मित्तल, गौरव अग्रवाल, संजय सेंगर ने मनेन्द्रगढ़ में जिला पुस्तकालय की स्थापना के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। कलेक्टर के माध्यम से छग शासन के संस्कृति विभाग से मनेन्द्रगढ़ में जिला पुस्तकालय की स्थापना करने की अनुशंसा का अपील किया गया है। अपने अनुरोध पत्र में संबोधन संस्था द्वारा विगत 1983 से नगर के राम मंदिर प्रांगण में संचालित संबोधन वाचनालय एवं पुस्तकालय की स्थापना और अब तक संचालन के पत्र-पत्रिकाओं की कटिंग और सांस्कृतिक एवं साहित्यिक क्षेत्र में अब तक के उपलब्धियां की जानकारी दी गई है। इसमें मेरीन फॉसिल्स के विकास में संस्था की भूमिका, त्रि-दिवसीय नाट्य समारोह, कत्थक नृत्य समारोह एवं पर्यावरण संरक्षण की चेतना जागृति के लिए अमरकंटक साहित्यिक शिविर जैसे आयोजनों के माध्यम से संस्था द्वारा अब तक के सांस्कृतिक एवं साहित्यिक यात्रा की उपलब्धियां की जानकारियां शामिल है। इस पुस्तकालय के उद्घाटन एवं पुस्तक विमोचन समारोह में न्यायाधीश एलएल शुक्ल तथा संविधान सभा के सदस्य रतनलाल किशोरीलाल मालवीय सहित अमिताभ जैन की उपस्थिति एवं सहयोग का उल्लेख भी पत्र में किया गया है।

### उरांव समाज ने धूमधाम से मनाया सरहुल पर्व

**सीतापुर।** धरती पूजा का महापर्व सरहुल पूजा मूली पड़हा उरांव समाज द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान धरमा मंडा उरांव भवन में समाज द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कुडुख सनातन समाज द्वारा पारंपरिक सरना पूजा स्थल पर सरहुल पूजा का आयोजन किया गया जहां उरांव समाज द्वारा सामूहिक रूप से सरना की पूजा की गई। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सभा आयोजित की गई जिसमें समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा सरना पूजा एवं सरहुल पर्व मनाए जाने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम स्थल पर सामुहिक भोज का आयोजन किया गया था जिसमे समाज के सभी सदस्य शामिल हुए और सामूहिक रूप से भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर मूली पड़हा उरांव समाज के अध्यक्ष गिरधर राम भगत, दिवान तिलक राम भगत, अनिल निराला, डॉ. एके ऊंजन, एमआर भगत, शोभन राम, गहंदुल राम समेत बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं सदस्य मौजूद थे।



## मतदाताओं को इपिक कार्ड के अलावा 12 अन्य पहचान पत्रों से मतदान करने की होगी सुविधा

# लोकसभा चुनाव : घर-घर बंटने लगी मतदाता पर्ची



मतदाता पर्ची बांटती महिला कर्मी

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

जैसे-जैसे लोकसभा निर्वाचन की तिथि नजदीक आती जा रही है,वैसे-वैसे निर्वाचन कार्य में जुटे कर्मियों में भी अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सजग हो गए हैं। बैकुंठपुर व सोनहत (आंशिक) विकासखंड़ मे बनाए गए मतदान केन्द्रों के बीएलओ द्वारा घर-घर मतदाता पर्ची व मार्गदर्शिका पुस्तिका वितरण कार्य तेजी से किए जा रहे हैं, ताकि मतदाता अपने नजदीक मतदान केन्द्र पहुंचकर 7 मई को मतदान कर सके। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन के तहत मतदान केन्द्रों में मतदाताओं को मतदान करने में सहायता के लिए दिशा-निर्देश जारी कर एपिक कार्ड के अलावा 12 अन्य प्रकार के पहचान पत्रों को प्रस्तुत कर मतदान करने की सुविधा प्रदान की गई है। कोई भी मतदाता, मतदाता पहचान पत्र के अलावा इन 12 प्रकार के पहचान पत्रों को अपने संबंद्ध मतदान केन्द्रों में प्रस्तुत कर मतदान कर सकते हैं, इसके तहत आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक अथवा डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय द्वारा स्वास्थ्य बीमा स्कीम के तहत जारी स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, पैन कार्ड, रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया द्वारा नेशनल पापुलेशन रजिस्टर के अंतर्गत जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र अथवा राज्य सरकार या पब्लिक लिमिटेड कंपनी के कर्मचारियों को जारी किया गया फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों को जारी किया गया शासकीय पहचान पत्र एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी यूनिक निःशक्तता पहचान पत्र (यूडीआईडी) के माध्यम से मतदान किया जा सकता है।

### डाक मतपत्रों से मतदान प्रक्रिया 29 से शुरू

लोकसभा निर्वाचन के तहत निर्वाचन कर्त्तव्य पर तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर, सेंट जोसेफ अंग्रेजी माध्यम स्कूल रामपुर बैकुंठपुर तथा अनिवार्य सेवाए पुलिस बल, नगर सैनिकों के लिए कलेक्टोरेट परिसर में मतदान के लिए सुविधा केन्द्र बनाया गया है। सेंट जोसेफ अंग्रेजी माध्यम स्कूल बैकुंठपुर में 29 अप्रैल से 1 मई को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक, मतदान सामग्री वितरण स्थल शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में 4 मई से 6 मई तक सुबह 9:30 से दोपहर 3 बजे तक वहीं 2 से 4 मई तक अनिवार्य सेवाए पुलिस बल, नगर सैनिकों के लिए कलेक्टोरेट परिसर में मतदान के लिए सुबह 9 से शाम 5 बजे तक डाक मतपत्र से मतदान करने की तिथि, स्थान व समय तय की गई है। अनुपस्थित श्रेणी के तहत 85 वर्ष या उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाताओं तथा 40 प्रतिशत दिव्यांग मतदाताओं को मतदान दलों द्वारा रुट अनुसार संबंधित मतदाताओं के घर-घर जाकर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। कोरिया के लिए रुट क्रमांक 1 से 13 तक व सोनहत (आंशिक)के लिए रुट क्रमांक 1 से 4 तक 2 से 4 मई तक मतदान दलों के अधिकारियों द्वारा मतदान कराई जाएगी। दोनों रुट के लिए 17 वाहनों की व्यवस्था की गई है साथ ही वीडियोग्राफी भी की जाएगी।



दूरस्थ केन्द्र पहुंचे प्रेक्षक।

### सोनहत के दूरस्थ मतदान केन्द्र पहुंचे प्रेक्षक

बुधवार को सामान्य प्रेक्षक कैलाश सुखदेव पगारे ने बैकुंठपुर के रामानुज स्कूल में बनाए गए स्ट्रांग रूम व विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। स्ट्रांग रूम के सभी कक्ष में जाकर बारीकियों से जानकारी प्राप्त की। सीसीटीवी कैमरा लगाने के बात कही, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह आश्वस्त करते हुए कहा कि सीसीटीवी कैमरा 24 घंटे चालू रहते हैं। सभी तरफ यह व्यवस्था की जाती है। मतगणना के दिन तीन लेयर पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। मतदान दलों के रवानगी के बारे में कलेक्टर ने पूरी व्यवस्था से अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार, सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, एसडीएम श्रीमती अंकित सोम, अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री लंगेह ने बताया कि मतदाताओं के लिए मतदान विश्राम कक्ष भी तैयार की जाएगी, ताकि वे छांव में आराम से बैठ सके। वहां पानी, पंखा की व्यवस्था की जाएगी। लोकसभा आम चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त सामान्य प्रेक्षक कैलाश सुखदेव पगारे ने बैकुंठपुर व सोनहत के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। मतदान के दिन मतदान केन्द्रों पर छाया, पानी, महिलाओं, दिव्यांगजन, बुजुर्ग मतदाताओं के लिए रैम्प, व्हीलचेयर आदि समुचित व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिए। बैकुंठपुर व सोनहत विकासखंड़ के ओड़गी, चेरवापारा, छरछा बस्ती, कटगोड़ी, तर्रा, दामुज, भैंसवार, रजौली, खोड़की, घुघरा एवं सोनहत आदि मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान सोनहत एसडीएम राकेश साहू ने पूरी जानकारी से अवगत कराया। प्रेक्षक श्री पगारे ने एसडीएम श्री साहू के कार्यों व किए गए व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया और सराहा। श्री पगारे ने अकलासरई में बनाएं गए स्थैतिक निगरानी दल एसएसटी द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## चार महीनों से नकदी संकट से जूझ रहा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आवश्यकता के अनुरूप नगदी उपलब्ध नहीं होने के कारण जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक लम्बे समय से आर्थिक संकट से जूझ रहा है। नगदी के अभाव में बैंक किसानों को धान की कीमत का भुगतान नहीं कर पा रहा है जिससे बैंक की शाखाओं में आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। शासन द्वारा धान खरीदी प्रारम्भ होने के साथ ही किसानों को धान की कीमत का भुगतान जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के माध्यम से प्रारम्भ कर दिया था। शुरूआत में कम खरीदी होने के कारण बैंक पर भुगतान का दबाव भी कम था लेकिन जैसे-जैसे खरीदी बढ़ी भुगतान का दबाव भी बढ़ने लगा।

इधर चेस्ट से आवश्यकता के अनुरूप राशि नहीं मिलने के कारण बैंक की शाखाओं में विवाद की स्थिति निर्मित होने लगी। इस दौरान बड़ी संख्या में किसानों ने धान की राशि को बच्चों के शादी-विवाह सहित अन्य प्रयोजनों के लिए राशि खाते में ही जमा रखा तथा शादी-विवाह का सीजन शुरू होते ही जमा राशि की मांग करने लगे। इधर नगद राशि के अभाव में किसानों को बार-बार चक्कर लगाने के कारण विवाद की स्थिति निर्मित होने लगी। किसानों को बैंक प्रबंधकों द्वारा बार-बार समय देने के बावजूद धान की राशि का भुगतान नहीं करने से विपरीत स्थिति निर्मित होने लगी। हालत ऐसी हो गई है कि 20 करोड़ की मांग के विरूद्ध बैंक बमुश्किल 10-12 करोड़ रूपए की ही व्यवस्था कर पाता। बैंक ने विवाद से बचने अलग-अलग गांव के लोगों के भुगतान के लिए अलग दिन का भी निर्धारण किया लेकिन हालत नहीं सुधरी। बैंक प्रबंधन ने भी नगदी संकट के निराकरण के लिए राष्ट्रीयकृत बैंकों को स्थिति से अवगत करा नगदी उपलब्धता बढ़ाने की पहल की। प्रबंधकों ने स्थिति में सुधार लाने का आश्वासन दिया लेकिन स्थिति में बदलाव नहीं आ सका। इधर बच्चों की शादी-विवाह की तिथि निर्धारित करने के बाद आवश्यक खरीदी के लिए खाते में जमा राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण किसान आपा खोने लगे। रोज-रोज के विवाद के बाद बैंक प्रबंधन ने कलेक्टर को स्थिति से अवगत कराने के साथ ही संबन्धित बैंकों के राज्यस्तरीय अधिकारियों से पत्राचार किया। लम्बी मशक्कत के बाद पिछले तीन दिनों से बैंक को आवश्यकता के अनुरूप राशि मिल रही है।

### 35 हजार करोड़ का भुगतान

शासन द्वारा धान के एवज में 3 लाख 67 हजार 612 किसानों को 24 हजार 34 लाख करोड़ एवं कृषक उन्नति योजना अंतर्गत 1 लाख 80 हजार 154 किसानों को 1 हजार 2 लाख करोड़ का भुगतान करना है। राज्य सरकार ने दोनों योजनाओं की राशि 34 हजार 56 लाख करोड़ का भुगतान आदेश पूर्व में ही जारी कर दिया है। जिला सहकारी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, सेंट्रल बैंक एवं बैंक ऑफ बड़ौदा से नगद की व्यवस्था करता है। भुगतान की सुविधा के लिए एकीकृत सरगुजा के विभिन्न 5 जिलों में संचालित सरगुजा के 203 उपार्जन केन्द्र, 153 सहकारी समितियों के किसानों को बैंक की 31 शाखाओं से जोड़ा है। बैंक सभी शाखाओं को आवश्यकता के अनुरूप राशि उपलब्ध कराता है लेकिन दिसम्बर मध्य के बाद से ही बैंक नगदी संकट से जूझ रहा है।

## नशे में धुत युवक ने होटल की दीवार तोड़कर घुसाई स्कॉर्पियो



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- बाल बाल बचे लोग, दुकान क्षतिग्रस्त, चालक की जमकर हुई पिटाई

बुधवार को शहर में एक तेज रफ्तार स्कार्पियो वाहन के चालक ने पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जमकर उत्पात मचाया। शराब के नशे में धुत्त युवक ने तेज रफ्तार वाहन को अशोका बिरयानी होटल में घुसा दी। युवक पीएम मोदी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आया था। गनीमत रही कि घटना के दौरान होटल खाली था अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी। इस घटना में होटल के अंदर मौजूद बाईक व साइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। बताया जा रहा है कि पीएम मोदी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सीतापुर क्षेत्र से युवक स्कार्पियो वाहन से अंबिकापुर आया हुआ था। पीएम कार्यक्रम समाप्त होने के बाद युवक काफी तेज गति से वाहन चलाते हुए नवापारा रोड से उर्सू लाइन स्कूल होते हुए आकाशवाणी चौक की ओर जा रहा था। इस दौरान युवक ने पुराने रोजगार कार्यालय में संचालित अशोका बिरयानी होटल में अपनी गाड़ी घुसा दी। दुर्घटना में तेज रफ्तार वाहन दीवाल तोड़ते हुए अंदर घुस गई। पीएम कार्यक्रम के कारण सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्र की दुकानें बंद कराई गई थी व भीड़ भाड़ कम थी ऐसे में गनीमत रही कि घटना के दौरान कोई मलबे में नहीं दबा अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी। दुर्घटना से होटल संचालक को नुकसान हुआ जबकि एक बाइक समेत एक दर्जन साइकिल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने स्कार्पियों चालक की जमकर पिटाई कर दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस चालक को अपने साथ ले गई।

## विश्व मलेरिया दिवस पर कार्यशाला



आयोजित कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर गुरूवार को न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के शिक्षकों की उपस्थिति में कंचनपुर स्थित स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यालय-सभाकक्ष परिसर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। दुनियाभर में प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है, यह खास दिन लोगों को मलेरिया के प्रति जागरूक करने के लिए मनाया जाता है। प्रतिवर्ष सभी देश के नागरिकों को रोगमुक्त बनाने के लिए प्रयासरत है। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष मलेरिया दिवस का थीम ऐसिलिरेट द फाईट अगेन्स्ट मलेरिया फॉर अ मोर इक्वीटेबल वर्ल्ड मतलब दुनिया को और न्यायसंगत बनाने के लिए मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में तेजी लाना है। मलेरिया एक जानलेवा बीमारी है, जो संक्रमित मादा एनोफिलीज मच्छरों के काटने से होती है। बरसात या वातावरण के नमी के कारण मलेरिया के मच्छर पनपने लगते हैं और बीमारी का प्रसार होता है। मलेरिया की गंभीर स्थिति बच्चों के लिए जानलेवा हो सकती है। मलेरिया के कुछ सामान्य लक्षण है, जैसे-बुखार, सिर दर्द, उल्टी आना, ठंठ लगना, थकान होना, चक्कर आना और पेट में दर्द होना। आमतौर पर मलेरिया के इलाज मे करीब दो सप्ताह तक दवाइयां लेनी होती है। वहीं बीमारी को नजर अंदाज करना जानलेवा हो सकता है। प्रतिवर्ष भारत में मलेरिया के हजारों मामले सामने आते हैं और कई रोगियों की तो मलेरिया से जान चली जाती है। मलेरिया की गंभीरता और इससे बचने के लिए जागरूक करने के विश्व स्तर पर मलेरिया दिवस मनाया जाता है। मलेरिया दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी के मार्गदर्शन में कार्यशाला का आयोजन एवं न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के समस्त शिक्षकों की उपस्थिति में किया गया।

### मलेरिया से बचाव और रोकथाम की दी गई जानकारी-

**मनेन्द्रगढ़।** विश्व मलेरिया दिवस 25 अप्रैल को जिला स्वास्थ्य समिति मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी -भरतपुर द्वारा मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर सुरेश तिवारी सीएमएचओ के द्वारा विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जनसमुदाय को मलेरिया से बचाव एवं रोकथाम के बारे में आवश्यक जानकारी दी गई। जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉक्टर पुष्पेन्द्र सोनी, जिला मलेरिया अधिकारी डॉक्टर प्रसून टोप्पो के द्वारा इस अवसर पर मलेरिया के प्रति जागरुकता के रूप में जिला विकासखंड़ एवं ग्राम स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। नेशनल फ्रेमवर्क फार मलेरिया इराडिकेशन के तहत 2030 मलेरिया उन्मूलन 2030 तक लक्ष्य, निर्धारित किया गया। 2024 तक 1000 की जनसंख्या में 1 से कम मलेरिया केस को लाने का लक्ष्य है। 2027 तक लोकल ट्रांसमिशन को रोकना एवं 2030 तक रिस्टेब्लिशमेट नहीं होने देना हमारा संकल्प मलेरिया मुक्त छग करना है। जिला मलेरिया सलाहकार संजीत कुमार सिंह द्वारा मलेरिया के मच्छर से बचने के लिए मच्छरदानी लगाने की सलाह दी गई। लोगों को जहां मलेरिया के मच्छर अंडे उनके स्त्रोत को नष्ट एवं नियंत्रण करने अपने घर के आस-पास पानी जमा न हो एवं अन्य आवश्यक जानकारी दी गई। जिला मास्टर ट्रेनर डॉ.सोफिया नाज द्वारा दिया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉक्टर पुष्पेन्द्र सोनी द्वारा एक्सीलरेटिंग द फाइट अगेंस्ट मलेरिया फॉर ए मोर इक्विटेबल वर्ल्ड के साथ मलेरिया का लक्ष्य 2023 के बारे में उनके द्वारा बताया गया। इसमें आदर्श पैरामेडिकल के बच्चों के लिए एक दिन का कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इसमें आदर्श पैरामेडिकल के बच्चे जिला स्वास्थ्य समिति मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के कार्यालय में उपस्थित रहे। कार्यशाला में मुख्य रूप से विद्यार्थी अल्फा सिंह, रीता सिंह, सुनीता बर्मन, गायत्री सिंह, गीतांजलि सिंह, अनीता पटेल, सोनू केवट, मोनिका, सुमन, कविता, दिव्या, मनीषा, नाजिया इन सब की सहभागीता रही।



## सरगुजा की क्रिकेट टीम ने दुर्ग को हराकर एलीट ग्रुप में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा जिला क्रिकेट संघ की 19 वर्ष बालक टीम ने लगातार अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ के एलीट ग्रुप में अपनी जगह बनाई है। अब सरगुजा टीम का मुकाबला छत्तीसगढ़ की टॉप टीमों से होगा। सरगुजा की टीम पूर्व में छत्तीसगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा निर्धारित नियमों के तहत प्लेट ग्रुप में शामिल होती थी जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी जिलों की टीम हिस्सा लेती हैं। अच्छे प्रदर्शन के आधार पर चुनिन्दा आठ टीमों को एलीट ग्रुप में शामिल कर मैच कराया जाता है। सरगुजा की टीम ने अपने ग्रुप में कोरिया, जशपुर को हराकर अंकों के आधार पर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में टीम का मुकाबला दुर्ग के खिलाड़ियों से हुआ। मैच में सरगुजा ने टॉस जीतकर दुर्ग की टीम को बल्लेबाजी करने का अवसर दिया। सरगुजा के गेंदबाज अर्श एवं अन्य खिलाड़ियों की शानदार गेंदबाजी से पहले बल्लेबाजी करते हुए दुर्ग की टीम मात्र 99 रन बना पाई। अर्श ने 16 ओवर में 24 रन देकर 7 विकेट लिए। इस दौरान सरगुजा का क्षेत्र रक्षक भी बहुत अच्छा रहा। जवाब में सरगुजा की टीम के दिव्यांश ने 49रन, दक्ष चोपड़ा के 37 एवं वैभव सिंह के 22 रन की बदौलत खिलाड़ियों ने कुल 193 रन बनाये। पहली पारी में सरगुजा की टीम 95 रन की बढ़त बना ली। दूसरी पारी में दुर्ग की टीम 124 रन ही बना पाई। सरगुजा को मैच जीतने के लिए 29 रन की जरूरत थी जिसे बिना विकेट खोए खिलाड़ियों ने हासिल कर मैच जीत लिया। सरगुजा की ओर से अर्श एवं अन्य ने 9 विकेट लिया। द्रव्यांश जायसवाल, रवि, दक्ष चोपड़ा ने अच्छी बल्लेबाजी की।

### फायर एंड इमरजेंसी सर्विस वाहन को बायो टॉयलेट लेकर आ रहे ट्रैक्टर चालक ने मारी टक्कर

**बिश्रामपुर।** संभाग मुख्यालय अंबिकापुर में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम उपरांत वापस लौट रहे फायर एंड इमरजेंसी सर्विस वाहन को बायो टॉयलेट ट्रैक्टर के चालक ने पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी, हालांकि दुर्घटना में किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है। गौरतलब है कि बुधवार 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक दिवसीय प्रवास पर संभाग मुख्यालय अंबिकापुर आए थे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में सूरजपुर जिले से फायर एंड इमरजेंसी सर्विस वाहन क्रमांक सीजी 02 एयू 1217 वापस लौटते समय नगर में एनएच 43 पर मुख्य मार्ग किनारे खड़ी थी।

